# अन्तराष्ट्रीय वानिकी दिवस

# वन उत्पादकता संस्थान, रांची

## 21 मार्च, 2019

वन उत्पादकता संस्थान रांची द्वारा संस्थान के निदेशक डा . नितिन कुलकर्णी के निर्देशन में अंतराष्ट्रीय वानिकी दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया | इस वर्ष के अंतराष्ट्रीय वानिकी दिवस का मुख्य विषय था "वन एवँ शिक्षा "। विषयानुसार साँईनाथ विश्वविद्यालय के 45 विद्यार्थियोँ द्वारा कार्यक्रम मेँ सक्रिय भाग लिया। इस अवसर पर संस्थान के समूह समन्वयक (अनुसंधान), डा. योगेश्वर मिश्रा द्वारा अन्तराष्ट्रीय वानिकी दिवस एवं "पर्यावरण प्रदूषण निदान तथा वनीकरण" विषय पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया |

पर्यावरण में हो रहे विभिन्न प्रकार के प्रदूषण तथा इसके निदान पर प्रस्तुतीकरण दिया गया जिसमें ग्लोबल वार्मिंग के विनाशकारी प्रभावों का उल्लेख किया गया तथा विभिन्न श्रोतों से पर्यावरण को हो रहे नुकसान तथा इसके समुचित प्रबंधन की चर्चा की गई | चेर्नोबिल एवं भोपाल गैस कांड की पुर्नावृति फिर से न हो इस हेतु सामाजिक चेतना विकसित करना तथा अन्य छोटे - छोटे पर्यावर्णीय नुकसान से वचाव हेतु प्रयास किये जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया| इस कार्यक्रम में पर्यावरण को हो रहे विभिन्न नुकसानों से वचाव हेतू अन्य त्वरित उपायों के अलावा सघन वृक्षारोपण की महती आवश्यकता पर भी जोर दिया गया | सिर्फ वृक्षारोपण ही नहीं , वरन वृहद् पैमाने पर हो रहे वृक्षारोपण के रख-रखाव तथा वृक्षारोपण के पश्चात उसके रख-रखाव करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया जाए | इस कार्यक्रम में संस्थान के कर्मचारीगण , अधिकारीगण एवं GSDP प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे प्रतिभागियों ने भाग लिया|

Environmental
Pollution